
***National Seminar on Environmental Degradation: Causes and Remedies***



***National seminar on "PERSONALITY DEVELOPMENT THROUGH PHYSICAL EDUCATION, SPORTS & YOGA"***




CELL
SEMINAR

# Govt. Girls College Sehore (MP)

## Student's Seminar 2019

**On**

***"Latest Trends in Commerce and Management:***

***On***

***28.02.2019***

***Organised by***

***Department of Commerce***

**Promoted by**

# Internal Quality Assurance Cell

On 28th February 2019 Department of Commerce organised a student's seminar on ***"Latest Trends in Commerce and Management***"It was jointly organised with the department of Management and mainly promoted by The Internal Quality Assurance Cell of the college. The seminar started at 11.00 a.m. with lighting the lamp for goddess Saraswati and Saraswati Vandana presented by the students. Principal Dr. Suman Taneja was the chief guest of the programme and Dr. Sudha lahoti, Dr. Rajesh Bakoriya, Dr. Anup singh and Shri Ravi Virha were present as special teaching members form the college.

Dr. Jaya Sharma head of the department of commerce presented her views on the need and importance of the seminar and through light on the concept of the seminar. Principal madam motivated students in her speech to prepare for such events and take part every time as this could help them increase their subject knowledge, communication skill and also leadership skills. About 90 students were present in the seminar and 20 presentations were made on various topics related to the theme. The list of paper presenters with their title of presentation is as follows:

| S. N. | Name of the Student | class | Title of Presentation |
|---|---|---|---|
| 1 | Ku Niharika | B.com I Year | Green Marketing(PPT) |
| 2. | Surbhi Xess | B.com I Year | Green Marketing |
| 3. | Sweta Malviya | B.com I Year | GST (PPT) |
| 4. | Pooja Verma | B.com I Year | GST (PPT) |
| 5 | Shristi | B.com I Year | E-commerce |
| 6 | Khushbu | B.com I Year | E-commerce |
| 7 | Deepti Parmar | B.com II Year | Benefits of E-commerce |
| 8 | Mahima Jat | B.com II Year | Benefits of E-commerce |
| 9 | Rishika | B.com VI Sem | E-Marketing Stretagies |
| 10 | Anuradha | B.com VI Sem | E-Marketing Stretagies |

| | | | |
|---|---|---|---|
| **11** | **Isha** | **B.com VI Sem** | **E-Marketing Stretagies** |
| **12** | **Nisha Verma** | **B.com II Year** | **New Marketing Trends** |
| **13** | **Kiran L Verma** | **B.com II Year** | **New Marketing Trends** |
| **14** | **Kiran Verma** | **B.com II Year** | **New Marketing Trends** |
| **15** | **Nikita Sable** | **M.Com I sem** | **Goods And Service Tax** |
| **16** | **Aastha Mathur** | **M.Com I sem** | **Goods And Service Tax** |
| **17** | **Mahishi Tiwari** | **B.com II Year** | **E-Banking** |
| **18** | **Megha Jhanwar** | **B.com I Year** | **Demonatization** |

The students were given Certificates for their participation and the First , Second and Third position were given special credit. The first position was won by Ms. Nikita Sable from M.Com I sem and she was also given prize for this by IQAC.

Supporting Faculty members from commerce and management were Mrs. Bharit Saxena, Mr. Omprakash Parmar, Mrs. Pooja Rathore, Mrs. Indu, Ms. Noorjahan, Mr. Akbar Ali, Ms. Jyotsana Vishwakarma.

**The seminar was ended with a vote of thanks by the faculties.**



OLLEGE SEHORE (M.P.)



STUDENT'S SEMINAR


# *Shikshak Abhibhavak Meeting - Parents meeting*



# समाजशास्त्र विद्यार्थी सेमीनार

## ''21वी सदी में बढता सायबर अपराध : कारण एवं रोकथाम ''

शासकीय कन्या महाविद्यालय सीहोर के समाजशास्त्र विभाग और आान्तरिक गुणवत्ता एवं आश्वासन प्रकोष्ठ के संयुक्त तत्वाधान में दिनांक 26 फरवरी 2019 को '21वी सदी में बढता सायबर अपराध कारण एवं रोकथाम विषय पर विधार्थी सेमीनार का आयोजन किया गया। विद्यार्थी सेमीनार में समाजशास्त्र विषय की छात्राओं ने प्रस्तुतिकरण के विविध तरीकों जैसे मौखिक, पावर पांईट एवं पोस्टर के माध्यम से विषय की प्रकृति को समझाया।

विद्यार्थी सेमीनार के उद्घाटन सत्र के मुख्य अतिथि एवं विषय विशेषज्ञ सीहोर जिले के अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री समीर यादव जी थे। उद्घाटन सत्र में विशिष्ट अतिथि महाविद्यालय की आंतरिक गुणवत्ता प्रकोष्ठ की समन्वयक डॉ. जया शर्मा एवं अध्यक्षता प्राचार्य डॉ. सुमन तनेजा ने की।

सरस्वती पूजन के पश्चात् अध्यक्ष की सहमति से सेमीनार का औपचारिक शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम के प्रारंभ में समाजशास्त्र विभाग की विभागाध्यक्ष डॉ. सुधा लाहोटी ने विद्यार्थी सेमीनार के उद्देश्य पर प्रकाश डाला। विषय की गंभीरता को छात्राओ के समक्ष रखने के लक्ष्य से अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक समीर यादव जी ने बताया कि आज के समय में इन्टरनेट एवं स्मार्ट/एन्ड्रॉयड फोन पर जनमानस की अंधाधुंध अतिनिर्भरता घातक है। नि:संदेह सुविधापूर्ण जीवन तो प्राप्त हुआ है पर अज्ञानता एवं जागरूकता के अभाव में प्रत्यक्ष या परोक्ष रूप से व्यक्ति सायबर अपराध में उलझ रहा है। यादव जी ने अपने व्याख्यान में सायबर अपराध के दुष्प्रभाव से बचने के महत्वपूर्ण तरीके बताये। उन्होनें कहा कि जब इन्टरनेट की आवश्यकता हो तभी इन्टरनेट डाटा को खोलना चाहिये। बेवजह पूरे समय में इन्टरनेट का डाटा खुले रहने से वायरस अटैक की आशंका होती है। ई–मेल का पासवर्ड किसी को नही बताना चाहिए। और पासवर्ड बनाना, उसे गुप्त रखना भी अत्यावश्यक है। यदि आप किसी भी वेबसाइट पर लॉग–ईन करते हैं, तो उससे बाहर निकलने के लिए लॉग आउट भी करना चाहिए। इन्टरनेट सोशल मीडिया पर महिला यूजर्स की संख्या दिन प्रतिदिन बढ़ रही है, उन्हें सावधानी से इनका उपयोग करना चाहिए। निजी फोटो, नंबर किसी को शेयर नही करना चाहिए। **बचाव में ही सुरक्षा** है इसी मंत्र को अपनाना चाहिए।

इसी सत्र में विशिष्ट अतिथि डॉ. जया शर्मा ने पावर पॉइंट के द्वारा प्रस्तुतिकरण दिया और छात्राओं को सायबर सुरक्षा के विषय में जानकारियॉ दी। अध्यक्षीय भाषण में प्राचार्य डॉ. सुमन तनेजा ने सायबर अपराध की गंभीरता पर विचार प्रस्तुत करते हुए छात्राओ को सतर्क रहने के लिए अगाह किया। उद्घाटन सत्र का संचालन कु. निधि राजेशिया बी.ए. षष्ठम सेमेस्टर एवं मुस्कान रायकवार बी.ए. द्वितीय वर्ष समाजशास्त्र ने संयुक्त रूप से किया।

उद्घाटन सत्र के उपरान्त तकनीकी सत्र प्रारंभ हुआ। इस तकनीकी सत्र में शोध आलेख प्रस्तुत किए गये। इसके अंतर्गत एम.ए द्वितीय सेमेस्टर की छात्रा कु. दिव्यानी पाठक ने स्वरचित कविता के माध्यम से समस्या के कारण एवं परिणाम पर प्रकाश डाला। कु. पूर्वी ठाकुर, कु. सलोनी चौहान बी.ए. 6 सेमेस्टर एवं कु. मुस्कान रायकवार बी.ए. द्वितीय वर्ष ने पोस्टर प्रजेंटेशन के माध्यम से सेमीनार में सहभागिता की । बी.ए. प्रथम वर्ष की छात्रा आरती मालवीय ने बढ़ते हुए सायबर अपराध को आंकड़ो के माध्यम से प्रस्तुत किया। बी.ए. द्वितीय वर्ष कु. रचना मालवीय ने फर्जी कॉल से प्रभावित होकर किसी भी प्रकार की जानकारी न देने के लिए अगाह किया। साक्षी चौहान बी.ए. प्रथम वर्ष ने विभिन्न सायबर अपराधो की चर्चा करते हुए भारत में सायबर कानून व्यवस्था पर प्रकाश डाला। कु. राधा सेन बी.ए. 6 सेमेस्टर ने ए.टी.एम. की सुरक्षा के लिए सावधानियां विषय पर आलेख प्रस्तुत किया। इस प्रकार से 31 विद्यार्थियों ने सेमीनार में आलेख प्रस्तुत किए। इस तकनीकि सत्र के विषय विशेषज्ञ सीहोर के सायबर सेल के तकनीकी जानकार श्री दीपक साल्वे जी थे। साल्वे जी ने अपने महत्वपूर्ण उद्बोधन में उपयोगी जानकारियों से बताया कि कैसे सायबर अपराध से बचा जा सकता है। उन्होने मोबाइल फोन में डाटा व्यवस्थित करना, सोच समझकर एप्लीकेशन डाऊनलोड करना, उपयुक्त पासवर्ड को बनाना और उसे गोपनीय रखना इत्यादि उपयोगी जानकारी दी।

छात्राओं ने भी श्री साल्वे जी से प्रश्नोत्तर किये और अपनी जिज्ञासा का समाधान किया। समाजशास्त्र विभाग की सहायक प्राध्यापक श्रीमती अर्चना चौहान ने पॉवर पाइंट प्रस्तुतीकरण द्वारा विभिन्न प्रकार के सायबर अपराध से छात्राओं को अवगत कराया। डॉ. प्रतिभा सोनी ने सायबर अपराध से बचने के उपाय बताते हुए सेमीनार में छात्राओं को उत्साहपूर्ण सहभागिता हेतु बधाई दी।

प्रमाण–पत्र वितरण के रूप में अंतिम सत्र हुआ। जिसमें आंतरिक गुणवत्ता प्रकोष्ठ के द्वारा सेमीनार में आलेख प्रस्तुतिकरण हेतु प्रमाण–पत्र वितरित किये गये। सर्वश्रेष्ठ आलेख हेतु कु. साक्षी चौहान बी.ए. प्रथम वर्ष का चयन किया गया। इस सत्र में डॉ. अमोल मांजरेकर ने अध्यक्षता की एवं विशिष्ट अतिथि के रूप में डॉ. कलिका डोलस, डॉ. राजेश बकोरिया, श्री कमल महेश्वरी, श्री ओमप्रकाश परमार उपस्थित थे। विभागाध्यक्ष डॉ. सुधा लाहोटी ने उपस्थित अतिथियों को साधुवाद दिया और विद्यार्थी सेमीनार की सफलता हेतु छात्राओं को बधाई दी।

*Vigilance awareness programm*





# विद्यार्थियों ने बताया कैसे निपटें भ्रष्टाचार से

**विद्यार्थियों के लिए आयोजित किया गया सतर्कता जागरूकता कार्यक्रम, ग्रामीणों को भी दी जानकारी**




भास्कर संवाददाता | सीहोर

सोमवार को गर्ल्स कॉलेज में विद्यार्थियों ने भ्रष्टाचार संबंधी समस्या के निवारण के लिए तरीके बताए। सतर्कता जागरूकता सप्ताह के तहत शासकीय गर्ल्स कॉलेज में भारतीय स्टेट बैंक और कॉलेज के आंतरिक गुणवत्ता आश्वासन प्रकोष्ठ द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम के दौरान तात्कालीन भाषण प्रतियोगिता भी हुई। इसमें गर्ल्स कॉलेज सहित चंद्रशेखर आजाद पीजी कॉलेज और आरएके कृषि महाविद्यालय के विद्यार्थियों ने अपनी प्रतिभा दिखाई। विजेता प्रतिभागियों को पुरस्कार भी दिए गए।

मंगलवार सुबह 11 बजे गर्ल्स कॉलेज में आयोजित कार्यक्रम में एसबीआई के क्षेत्रीय प्रबंधक होशंगाबाद अनुराग कुमार, स्थानीय उप महाप्रबंधक एके झा तथा क्षेत्रीय प्रबंधक पंकज भार्गव अतिथि रूप में मौजूद थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्राचार्य डॉ. सुमन रनेजा ने की। अतिथियों ने विद्यार्थियों को भ्रष्टाचार से बचने के टिप्स दिए। उन्होंने भ्रष्टाचार की शिकायत कैसे और कहां करें और शिकायत पर कैसे कार्रवाई होती है इसके बारे में भी बताया। इसके बाद तात्कालिक भाषण प्रतियोगिता में गर्ल्स कॉलेज, चंद्रशेखर आजाद पीजी कॉलेज और आरएके कॉलेज के पांच-पांच विद्यार्थी शामिल हुए। आरएके कॉलेज के राहुल पहारे प्रथम, गर्ल्स कॉलेज की समन सिद्दीकी ने द्वितीय और चंद्रशेखर आजाद पीजी कॉलेज के पवन पंवारी ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। अंत में सभी प्रतिभागियों को पुरस्कार वितरण किया गया। कार्यक्रम का संचालन प्रकोष्ठ की समन्वयक डॉ. जया शर्मा ने तथा आभार एसबीआई की मुख्य प्रबंधक संगीता शर्मा ने माना। इस मौके पर डॉ. ओपल जैन, डॉ. राजेश बकोरिया, अनूप सिंह, अर्चना चौहान, भारती सक्सेना, ब्रिजेश विश्वकर्मा आदि मौजूद थे।

## ग्रामीणों को भी दी जानकारी

गर्ल्स कॉलेज में आयोजन के बाद एसबीआई की टीम गांव खामलिया पहुंची। यहां उन्होंने बैंक के ग्राहक और किसानों को भ्रष्टाचार निवारण के संबंध में जानकारी दी। ग्रामीणों ने अपनी जिज्ञासावश कई सवाल भी बैंक अधिकारियों से किए। जिनका समाधान अधिकारियों ने किया।

भास्कर classified

बेचना है
डायवर्टेड प्लाट
मात्र
₹1.99 लाख
सम्पर्क करें
6260935814

चाय घर
Since 1972
गोल्ड चाय
चाय घर लेन, बड़ा बाजार, सीहोर, 9826043882

मकान बेचना है
3BHK
(1600 sqrft.)
सर्वसुविधा युक्त
गंगा आश्रम सीहोर
9174444884
9300283028
9300926946

लोन ही लोन
9300350410
9630380414

प्लाट बेचना है
मंडी थाना मेन रोड
सीहोर सर्वसुविधा युक्त
35×80
(2800 स्का.फीट)
प्लाट बेचना है।
9893189041
9752232451

विज्ञापन के लिए संपर्क करें
दैनिक भास्कर, सीहोर
9827577181
8435945018
9098670687
8818889095

# Pravesh Utsav



नक्षत्र

शुभ मुहूर्त

श्रेष्ठ चौघड़िए

व्रतोत्सव

आज जन्म लेने वाले बच्चे

ऐ हाल

## नहीं आते होते परेशान



बैठक में उपस्थित अधिकारी व अन्य सदस्य।

कि अमले की भी कई बार जाने वाले लोगों स्वास्थ्य सेवा का है। इस अवसर की कमी पर करते हुए समिति स्वास्थ्य अमले की ने एक प्रस्ताव भेजने पर सहमति सिविल सर्जन ट्रामा यूनिट तथा में दी जा रही कारी समिति के समक्ष प्रस्तुत की गई। बैठक जिला पंचायत सदस्य अंबाराम मालवीय सांसद प्रतिनिधि विनोद सिंह सिसोदिया सहित समिति के सचिव तथा सीएमएचओ डॉ.प्रभाकर तिवारी, सिविल सर्जन डॉ. भरत आर्य, जिला परिवार कल्याण अधिकारी डॉ.आनंद शर्मा, जिला स्वास्थ्य अधिकारी डॉ.टीआर उइके, जिला क्षय नियंत्रण अधिकारी डॉ.पदमाकर त्रिपाठी, जिला आयुष अधिकारी डॉ. रामप्रतापसिंह राजपूत उपस्थित थे।

## ला शव

। सूचना पर पहुंची और शव । इसके बाद अस्पताल लेकर में जुटी है।

## 13 को मनाएंगे जश्ने आजादी

सीहोर. जमिअत उलामा की बैठक का आयोजन लाल मस्जिद में किया गया। बैठक में मुफ्ती शमसुद्दीन जिला अध्यक्ष जमियत उलामा की

## आंगनबाड़ी में मनाया अमृत उत्सव

सीहोर @ पत्रिका. विश्व स्तनपान दिवस के सातवें दिन अमृत उत्सव का आयोजन वार्ड 12 सेक्टर गंज एकीकृत बाल विकास परियोजना शहरी सीहोर में किया गया। कार्यक्रम में उपस्थित ईसीसी समन्वयक प्रतिभा वंशकार ने 6 माह तक स्तनपान करने की विशेषताएं बताई एवं उपस्थित सेक्टर सुपर वाइजर कलमेन्टिन टोप्पो ने प्रसव पूर्व एवं प्रसव पश्चात रखी जाने वाली सावधानियों पर प्रकाश डाला इसके साथ ही गर्भवती महिलाओं की गोद भराई कार्यक्रम किया गया। कार्यक्रम का संचालन रीना यादव ने किया। इस अवसर पर महिलाओं के लिए क्विज प्रश्न उत्तर प्रतियोगिता रखी गई, इसमें विजेता रजनी प्रजापति को पुरस्कृत किया गया। कार्यक्रम में कार्यकर्ता माया यादव, मालती यादव, सुनीता यादव, रीना यादव, मीना यादव, प्रीति राठौर, सीमा राठौर दीपमाला चौधरी, कामनी सेन का मुख्य रूप से सहयोग दिया गया।

## पिछड़ा वर्ग मोर्चा के प्रभारी नियुक्त

सीहोर @ पत्रिका. पिछड़ा वर्ग मोर्चा के जिला अध्यक्ष महेश पटेल ने पिछड़ा वर्ग मोर्चा के विधानसभा प्रभारियों की घोषणा की है।इसमें सीहोर विधानसभा प्रभारी कमलेश कुशवाह, इछावर विधानसभा प्रभारी बलरामसिंह पटेल ग्राम मोलाखेड़ी, आष्टा विधानसभा प्रभारी मनोहरसिंह पटेल ग्राम खड़ी, सीहोर कार्यालय मंत्री प्रेम विश्वकर्मा की नियुक्ति की गई। इनकी नियुक्ति पर अनेक लोगों ने हर्ष व्यक्त किया है।

कार्यक्रम

## कॉलेज में पहले दिन छात्राओं का तिलक लगाकर किया स्वागत



सीहोर. अभिमुखीकरण कार्यक्रम में उपस्थित विद्यार्थी।

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com

सीहोर. गर्ल्स कॉलेज में नवप्रवेशित छात्राओं का तिलक लगाकर स्वागत किया गया। आंतरिक गुणवत्ता आश्वासन प्रकोष्ठ, राष्ट्रीय सेवा योजना, क्रीड़ा विभाग एवं व्यक्तित्व विकास प्रकोष्ठ के संयुक्त तत्वावधान में प्रवेश उत्सव कार्यक्रम का आयोजन किया गया था।

कॉलेज प्राचार्य सुमन तनेजा ने इस अवसर पर कॉलेज में उपलब्ध समस्त सुविधाओं, शासकीय योजनाओं के लाभ व महाविद्यालय संबंधी जानकारी दी। एनएसएस के जिला संगठक डॉ राजेश बकोरिया एवं कार्यक्रम अधिकारी डॉ. मंजरी अग्निहोत्री ने एनएसएस की उपयोगिता, महत्व को बताते हुए इसे समाजसेवा, व्यक्तित्व विकास एवं राष्ट्र की सेवा का सशक्त माध्यम बताया। क्रीड़ा अधिकारी रवि विरहा ने विभाग में उपलब्ध सुविधाएं, उनके अंतर्गत प्राप्त राज्यीय, राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय स्तर पर प्राप्त प्रमाण पत्रों का लाभ एवं अन्य जानकारी दी। आंतरिक गुणवत्ता आश्वासन प्रकोष्ठ प्रभारी डॉ. जया शर्मा ने महाविद्यालय की गुणवत्ता के लिए छात्राओं के सुझाव आमंत्रित करते हुए कॉलेज की गतिविधियों के लिए उनको सहयोग के लिए प्रेरित किया। व्यक्तित्व प्रकोष्ठ प्रभारी डॉ. प्रतिमा खरे ने प्रकोष्ठ के वार्षिक कैलेंडर की जानकारी देते हुए छात्राओं को शुभकामनाएं दी। कार्यक्रम के अंतर्गत छात्राओं के लिए प्रश्न मंच रखा गया जिसमें सामान्य ज्ञान से संबंधित प्रश्न पूछे गए तथा विजयी छात्राओं को तिलक लगाकर एवं पेन देकर पुरस्कृत किया गया।कार्यक्रम के अंत में नव प्रवेशित छात्राओं अंजली पटेल, हीरामणि वर्मा, रचना वर्मा एवं नेहा वर्मा ने अपने स्कूल के एवं व्यक्तिगत अनुभवों को बताया। कार्यक्रम में भारती सक्सेना, ज्योत्सना विश्वकर्मा, पूजा राठौर, नूरजहां एवं ब्रजेश विश्वकर्मा, पूजा मेवाड़ा, सुलोचना, रिचा पटेल, महिमा तिवारी, मैथा झंवर का सहयोग रहा।

## कथा सुनने से बदल जाता है मनुष्य का जीवन: उद्धव दास

## प्रशिक्षण के लिए वर्कशाप 13 को

सीहोर. वाणिज्यिक कर विभाग

## *Competition on sexual harassment*

सीहोर भास्कर
26 जुलाई, 2018

काली नजर पर पेंटिंग | एंटी रैगिंग और सेक्सुअल हरेसमेंट विषय पर कॉलेज की छात्राओं ने अपनी कल्पनाओं का दिया आकार

# छात्राओं ने पेंटिंग में बताया किस तरह की जाती है छेड़छाड़

भास्कर संवाददाता | सीहोर

कॉलेज आते-जाते किस तरह से असामाजिक तत्व छात्राओं को देखकर फब्तियां कसते हैं और उन्हें किस तरह से घूरते हैं। यह सब गर्ल्स कॉलेज की छात्राओं ने पेंटिंग के माध्यम से बताया। काली नजर पर पेंटिंग प्रतियोगिता में शासकीय गर्ल्स कॉलेज की करीब 30 छात्राओं ने हिस्सा लिया और सेक्सुअल हरेसमेंट विषय पर अपनी पीड़ा ड्राइंग पर उकेरी।

एक सखा सोशल वेलफेयर सोसायटी और पुलिस विभाग द्वारा शासकीय गर्ल्स कॉलेज में एंटी रैगिंग और सेक्सुअल हरेसमेंट विषय पर पेंटिंग और पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता आयोजित की गई थी। प्रतियोगिता के शुभारंभ समारोह में सोसायटी के अध्यक्ष शुभम चौरसिया ने स्कूल और कॉलेज की छात्राओं को होने वाली परेशानी के बारे में बताते हुए इस तरह की बातें अपने परिजनों को बताने पर जोर दिया। कॉलेज की प्राचार्य डॉ. सुमन तनेजा और प्रोफेसर डॉ. जया शर्मा ने छात्राओं से कहा कि किसी भी चीज का विरोध जरूरी है। उन्होंने छात्राओं के लिए जरूरी हेल्पलाइन नंबर भी बताए। इस मौके पर टीम के विकास महाजन, प्रतिभा वाइकर, फाल्गुनी शर्मा, शिवांगी जादौन, विकास मेवाड़ा सहित मौजूद थे।



शासकीय गर्ल्स कॉलेज में प्रतियोगिता में पेंटिंग बनाती छात्रा।

### लगाएंगे प्रदर्शनी, पुरस्कार देंगे

प्रतियोगिता के दौरान जिन छात्राओं ने अपनी पेंटिंग बनाई है एक सप्ताह बाद कॉलेज में ही उन पेंटिंग्स की प्रदर्शनी लगाई जाएगी। इसके साथ ही श्रेष्ठ पेंटिंग बनाने वाली छात्राओं को पुरस्कृत भी किया जाएगा। पुरस्कार समारोह में कलेक्टर तरुण कुमार पिथोड़े और एडि. एसपी समीर यादव अतिथि के रूप में उपस्थित रहेंगे। समिति के अध्यक्ष श्री चौरसिया ने बताया कि छात्राओं को ऐसी गतिविधियों का सामना और उनका विरोध करने की सीख दी जाएगी।

कार्यालय प्राचार्य शासकीय कन्या महाविद्यालय,सीहोर (म.प्र.)
फैक्स :- (07562)224706
ई-मेल:-heggcseh@mp.gov.in
वेब :www.mpcolleges.nic.in/gedcsehore/index.html

सीहोर, दिनांक 23/07/2018

## प्रेस विज्ञप्ति

ज दिनांक 23/07/2018 को शासकीय कन्या महाविद्यालय सीहोर के आंतरिक गुणवत्ता एवं
प्रकोष्ठ द्वारा छात्राओं हेतु आत्म सुरक्षा एवं साइबर सुरक्षा संबंधी उपाय विषय पर एक
आयोजित किया गया। व्याख्यान में विषय विशेषज्ञ के रूप में सीहोर जिले के कोतवाली
की थाना प्रभारी मेडम संध्या मिश्रा उपस्थित थी। उन्होंने छात्राओं को पुलिस विभाग द्वारा
सुरक्षा एवं सहायता हेतु संचालित विभिन्न योजनाओं के बारे में जानकारी दी। उन्होंने
कि किसी भी अप्रिय एवं असहज स्थिति का सामना करने पर हमें कौन से कदम उठाने
। मेडम मिश्रा ने छात्राओं को साइबर क्राइम के विषय में भी जानकारी दी कि किस प्रकार
मीडिया का उपयोग सावधानी पूर्वक करना चाहिए। कार्यक्रम प्राचार्य डॉ सुमन तनेजा
में आयोजित हुआ। कार्यक्रम का संचालन आंतरिक गुणवत्ता आश्वासन प्रकोष्ठ प्रभारी
शर्मा ने किया। इस कार्यक्रम में समस्त महाविद्यालय परिवार का सक्रिय सहयोग रहा।

23-7-18
(डॉ. सुमन तनेजा)
प्राचार्य
शासकीय कन्या महाविद्यालय
सीहोर